हिन्दी सान्ध्य दैनिक    जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–193 : जौनपुर, मंगलवार 04 अप्रैल 2023    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4    मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में अब एक ही आयोग करेगा बेसिक से लेकर उच्च शिक्षा हेतु शिक्षकों का चयन – सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग–अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग गठित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों के चयन किया जा रहा है। उच्च और माध्यमिक शिक्षा स्तर की अल्पसंख्यक संस्थाओं के लिए प्रबंध बोर्ड, तकनीकी संस्थाओं के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नेंस और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है। व्यावहारिक सुधारों के क्रम में, भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन के लिए एकीकृत आयोग का गठन किया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाए। यह एकीकृत आयोग समयबद्ध चयन प्रक्रिया, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में उपयोगी सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंधा में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाए। नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। नवीन एकीकृत आयोग में विश्वविद्यालयों के कुलपति जैसे महनीय पद अथवा भारतीय प्रशासनिक सेवा का सुदीर्घ अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार,



सदस्यों में वरिष्ठ न्यायाधीश और अनुभवी शिक्षाविदों को स्थान दिया जाए। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व हो। मुख्यमंत्री योगी बोले, समय पर कराएं टीईटी परीक्षा मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन भी इसी नए आयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टीईटी समय पर हो। नवीन आयोग द्वारा परिषदीय जूनियर बेसिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक जूनियर हाईस्कूल और संबद्ध अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय, राजकीय हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, राजकीय और सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेज में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती नवीन आयोग द्वारा ही की जानी चाहिए। राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय और अल्पसंख्यक महाविद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, एडेड पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में नवीन एकीकृत आयोग द्वारा ही चयन प्रक्रिया आयोजित की जाए।

## छात्र छात्राओं ने साइबर क्राइम विषय पर प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ के रजत डिग्री कॉलेज, रजत वोमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट एवं रजत कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आर. जे. सिंह और वाइस चेयरमैन पुष्पलता सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने देश रंगीला ,मां तुझे सलाम आदि जैसे देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा साइबर क्राइम विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि आज के परिप्रेक्ष्य में साइबर क्राइम बहुत बढ़ गया है इसलिए इससे बचाव कैसे किया जाए इस पर जागरूक रहना



चाहिए। अंत में रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की वाइस चेयरमैन एवं चेयरमैन ने स्वयं सेविकाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाया।

## बोरिंग करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से पांच लोग झुलसे

रायबरेली ब्यूरो : रायबरेली जिले के लालगंज क्षेत्र के टीका का पुरवा मजरे डिघिया गेगासो क्रॉसिंग गांव में मंगलवार को इंडिया मार्का हैंड पंप की बोरिंग करते समय पांच लोग करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। गांव निवासी कमलेश के दरवाजे पर सरकारी इंडिया मार्का हैंड पंप की बोरिंग हो रही थी तभी पाइप डालते समय लोहे का पाइप ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन के तार से छू गया। जिससे पाइप डाल रहे लालगंज के मठ मजरे गौरा रुपई निवासी पंकज, सरेनी क्षेत्र के तिवारी का पुरवा मजरे लालू का पुरवा गांव निवासी विपिन, टीका का पुरवा निवासी कमलेश, ज्ञान चंद्र व रोहित चपेट में आ गए। गांव के ही युवक अंकित ने तत्परता दिखाई



और डंडा मार कर पाइप को तार से हटा दिया लेकिन तब तक पांचों लोग गंभीर रूप से झुलस चुके थे। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## 198 डिप्लोमा के छात्र छात्राओं को प्रदान की गईं उपाधियाँ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बी० के० टी० स्थित आर०आर० इंस्टिट्यूट ऑफ मॉडर्न पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा बैच 2019–22 के पासआउट छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का सुभारम्भ किया। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त सचिव चित्रांशु अग्रवाल, निदेशक (यू०जी०) प्रोफेसर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक दुर्गेश वर्मा, चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह, डीन छात्र कल्याण विकास सिंह, डीन (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) आरती जायसवाल, बी०टेक० प्रथम वर्ष कोआर्डिनेटर आशुतोष शुक्ला तथा उप प्राचार्य पॉलिटेक्निक शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे। सम्मानित अतिथियों की उपस्थित में 198 डिप्लोमा के छात्र छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गईं। मेधावी विद्यार्थियों अपने–अपने विभागों में श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिये ट्रॉफी व सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। इसके अंतर्गत मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन ने कॉलेज टॉपर बिजय कुमार हरिजन (बैच 2019–22), ब्रांच इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट प्रदान किया और अपने सन्देश में छात्र/छात्राओं से कहा कि विकास के




साथ आधुनिक भारत के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाए व शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व निभाना भी हमारा कर्तव्य है। संस्थान के संयुक्त सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने बताया कि संस्थान द्वारा डिप्लोमा बैच 2019–22 के पासआउट छात्रों में 91 प्रतिशत छात्र/छात्राओं का कई कंपनियों में प्लेसमेंट कराया जा चुका है और अन्य छात्र/छात्रा कॉलेज में उच्च शिक्षा के लिए बी०टेक० (लेटरल एंट्री) में एडमिशन ले चुके हैं। इस अवसर पर संस्थान के उप प्राचार्य पॉलिटेक्निक शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने सम्मानित अतिथियों, संकाय सदस्यों व स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया एवं कॉलेज टॉपर तथा पासआउट सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विभिन्न बैंकों के बीच क्रिकेट मैच प्रतियोगिता आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के ग्राउंड में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पंजाब नेशनल बैंक काशी गोमती ग्रामीण बैंक के बीच एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान रहे सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का बुके एवंम पुष्प देकर स्वागत किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने फीता काटकर क्रिकेट का शुभारंभ किया। पहला मैच यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक के बीच खेला गया जिसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 10 ओवर में 97 रन की पारी खेली पंजाब नेशनल बैंक ने 10 ओवर में मात्र 77 रन ही बना पाए इसके बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 20 रन से विजेता घोषित हुई यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रमाकांत यादव ने 38 रन एवं मनीष ने 32 रन की पारी खेली राम किन्किर ने गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट अपने नाम दर्ज कराएं दूसरा मैच पंजाब नेशनल बैंक बनाम



काशी गोमती के बीच खेला गया काशी गोमती ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 115 रन बनाए पंजाब नेशनल बैंक में अपनी बैटिंग में 10 ओवर में मात्र 93 रन ही बना पाई इसके बाद काशी गोमती बैंक 22 रनों से विजय घोषित हुई। इस मौके पर मनीष सिंह रामकिंकर,रमाकांत यादव अनुराग यादव,दुष्यंत कुमार सुरेश यादव,आशीष गुप्ता सत्य प्रकाश,शेखर रवीश,मुकेश,विनोद इत्यादि बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

## हेल्थ एटीएम से होगी महज चंद मिनट में 50 बीमारियों की जांच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बेहद गंभीर बिमारियों को छोड़कर 50 तरह के रोगों की जांच के लिए पैथोलॉजी सेंटरों पर लाइन लगाकर अब जेब ढीली नही करनी पडेगी। उक्त बातें मंगलवार को राजकीय पुरुष अस्पताल में हेल्थ एटीएम का उद्घाटन करने पहुंचे शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने कहा।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति पहले से ही जागरूक करने के लिए हेल्थ एटीएम की शुरुआत हुई है। इस मशीन से विभिन्न तरह की बिमारियों की जांच के लिए किट का प्रयोग किया जाता है। और महज 20 से 25 मिनटों में उसकी जांच रिपोर्ट भी मिल जाती है। इन बिमारियों का तुरंत होगी जांच मशीन से बेसिक हेल्थ चेकअप के अलावा शुगर, मलेरिया, डेंगू, हेपटाइटिस, सिफलिस, एचआईवी, बीपी, पीएच वैल्यू, इसीजी, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल, टाफाईड, ब्लड ग्रुप, शरीर का तापमान, रैपिड टेस्ट, आक्सीजन लेवल, एचबी 1,सी के साथ 50 बिमारियों की जांच कर स्मार्ट रिपोर्ट दी जाएगी। जो 90 प्रतिशत के उपर प्रमाणिक होगी। मशीन से किसी की मेडिकल हिस्ट्री के अलावा डाइट प्लान का भी पता चलेगा। उद्घाटन के उपरांत विधायक रमेश सिंह ने नगर के पक्का पोखरा स्थिति 12.5 मीटर के दसवें एल इडी हाईमास्क का किया लोकार्पण। इससे नगरवासियों को अंधेरे से राहत मिलेगी। इस मौके पर भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री विजय लक्ष्मी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि संतोष पांडेय, हीरा सिंह, पप्पू सिंह, अभिषेक पांडेय,संदीप जायसवाल, अधीक्षक डाक्टर रफीक फारुकी, डाक्टर जमालुद्दीन खान, डाक्टर अमित सिंह, डाक्टर हरिओम मौर्या, डाक्टर आर के वर्मा,आनंद प्रकाश, मोहम्मद अब्बास, फार्मासिस्ट गीरीश चंद्र यादव, विजय बहादुर यादव, अशोक कुमार यादव,सुरेंद्र मौर्या, रमेश, फिरोज अहमद, समेत विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे ।

## लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पुलिस आफिस के पास डिग्गी का लॉक तोड़कर उच्चको ने उड़ाया 50 हजार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पुलिस ऑफिस के पास उचक ने मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर उड़ाएं 50 हजार रुपए लेकर चंपत हो गए ।जबकि पुलिस हमेशा चेकिंग अभियान चलाया करती है। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई गंज निवासी स्वास्थ्य विभाग के लिपिक इम्तियाज अहमद ने पुलिस ऑफिस के पिछले हिस्से कचहरी रोड पर स्थित एक बैंक से सोमवार दोपहर 50000 हजार रुपये निकाले। पैसा निकाल कर अपनी ही मोटरसाइकिल की डिक्की में रखा जिसमें कई चेक व आवश्यक दस्तावेज भी रहे। मोटरसाइकिल खड़ी करके पुलिस ऑफिस के पास रहने वाले व्यक्ति से 2 मिनट के लिए मिलने गए और लौट कर आए तो देखा कि उनकी डिग्गी टूटी हुई है और उसमें रखा बैग जिसमें रुपया रखा हुआ था वह गायब रहा। स्वास्थ विभाग के लिपिक इम्तियाज अहमद घटना की सूचना मियापुर पुलिस चौकी पर जा कर दिया। पुलिस ने मामला पंजीकृत नहीं किया है ।जिससे पीड़ित व्यक्ति परेशान हैं।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## चार पुलिस कर्मियो की तैनाती स्थल में किया गया परिवर्तन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस स्थापना समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने चार उप निरक्षको के कार्य स्थलों में फेरबदल किया है। उ0नि0 ना0पु0 को उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर जनहित में तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया जाता है। 1. उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा व0उ0नि0 थाना मछलीशहर से थानाध्यक्ष तेजीबाजार। 2. उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार दुबे प्रभारी रिट सेल से थानाध्यक्ष सुरेरी। 3. उ0नि0 श्री महेश कुमार सिंह थाना बक्सा से थानाध्यक्ष सिकरारा। 4. उ0नि0 संतोष कुमार पाठक थानाध्यक्ष तेजी बाजार से पुलिस लाइन।

## उरूवा में चोरों का बढ़ता आतंक : बाइक सवार तीन चोरों ने छीना लड़की के हाथ से मोबाइल

खजनी पत्रकार रवि कुमार : उरुवा क्षेत्र में मोबाइल चोर गिरोह इन दिनों सक्रिय है. आये दिन चोर रोड पर लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं. चोर गिरोह के बदमाश खास तौर पर राहगीरों का मोबाइल फोन छीन



रहे हैं. वारदात को अंजाम देने के बाद चोर पुलिस को भी चकमा देकर फरार हो जाते हैं. उरुवा के बड़ी क्षेत्र में मोबाइल चोरी की कई वारदात हाल फिलहाल हो चुकी है ऐसे मामला सामने आया उरूवा से लड़की पिकी घर आ रही थी तभी रास्ते में बाइक सवार तीन चोरों ने मोबाइल छीना और फरार हादसे के बाद लड़की चिल्ला चिल्ला कर रोने लगे लड़की उरूवा से परसा जा रही थी तभी ताड़ी पुल के पहले चोरों ने मोबाइल छीना और फरार प्रशासन हाथ पर हाथ बैठी है चोरों का आतंक बढ़ता हुआ ।

## तीर्थंकर महावीर के सिद्धांत सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर श्री1008 महावीर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव आज बड़े ही धूमधाम के साथ अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया। नगर के ग्लोबल कॉलोनी रेलवे गंज स्थित श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर में जैन



धर्म के अनुयायियों द्वारा प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जलाभिषेक एवं संपूर्ण जगत की शांति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ शांति धारा की गई। उसके बाद बड़े ही भक्ति पूर्वक सामूहिक रूप से जल, चंदन ,अक्षत, पुष्प ,नैवेद्य ,दीप, धूप, फल, अरघ (अष्ट द्रव्य )से देव शास्त्र गुरु तथा 24 तीर्थंकर एवं महावीर भगवान की पूजा अर्चना की गई। जैन मंदिर में सामूहिक रूप से भगवान महावीर की महा आरती की गई। सभी भक्तों ने बड़े उल्लास के साथ भगवान महावीर के सिद्धांतों को दोहराते हुए जयकारे लगाए। महिलाओं द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत किए गए। सभी लोगों ने भगवान महावीर के बताए मार्ग सत्य अहिंसा पर चलने के संकल्प को दोहराया। भगवान महावीर के सिद्धांत जियो और जीने दो एवं अहिंसा परमो धर्म को जीवन में अपनाने के लिए सभी से आह्वान किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के महामंत्री पवन जैन ने बताया कि भगवान महावीर ने सभी प्राणियों को अहिंसा का संदेश देते हुए बताया कि प्रत्येक मनुष्य को ऐसा जीवन जीना चाहिए की अपने मन में भी किसी भी प्रकार का हिंसा का भाव नहीं आए यही वास्तविक अहिंसा कहलाती है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ईमानदारी और परिश्रम का फल देर से पकता है पर होता बहुत मीठा है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# बिहार से बंगाल तक हिंसा – हिंदू विरोधी टूलकिट का अभियान

जिस समय देश उल्लास और उत्साह के साथ रामभक्ति के रंग में डूबकर रामनवमी का पर्व मना रहा था उस समय कुछ शरारती तत्व अपने राजनैतिक आकाओं के बल पर हिंसा का तांडव रच रहे थे। रामनवमी के पावन अवसर पर बंगाल से बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र तक जिस प्रकार से चुन चुन कर रामनवमी झांकियों, यात्राओं और भक्तों पर पथराव तथा हिंसा की गई वह निंदनीय नहीं घृणित है और उससे भी अधिक घृणित है उस हिंसा को सही ठहराने वाले छद्म धर्मनिरपेक्ष लोगों का व्यवहार फिर वो चाहे कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री ही क्यों न हों। रामनवमी को हिन्दुओं पर हमले के रूप में प्रारम्भ हुयी हिंसा महाराष्ट्र के संभाजीनगर से बंगाल के हावड़ा से होती हुई बिहार के पांच जिलों और झारंखड के साहिबगंज तक पहुंच गई ।भीषण उपद्रव और हिंसा के बाद महाराष्ट्र व गुजरात में तो स्थिति नियंत्रण में आ गई लकिन बिहार के पांच व बंगाल में कई इलाकों में हिंसा लगातार जारी है। बिहार व बंगाल के उपद्रवियों को पता है कि उन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है तथा वह अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं और यही कारण है कि बिहार के दंगाग्रस्त क्षेत्रों से हिन्दुओं के पलायन के ह्रदय विदारक विडियो वायरल हो रहे हैं ।भारत की राजनीति में सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि पहले तो सनातन हिंदू समाज के पर्वों व उनकी शोभा यात्राओं को हिंसक उपद्रवी तत्वों की ओर से जानबूझकर निशाना बनाया जाता है और फिर उसके बाद उनके तथाकथित सेकुलर राजनैतिक नेता टीवी चौनलों पर आकर हिंदू समाज और पीड़ित पक्ष को ही दोषी बताकर उपद्रवियों का हौसला बढ़ाते हैं। आज पूरा बंगाल व बिहार त्रस्त है। दोनों ही राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठ व रोहिंग्याओं की बाढ़ आ गई है जिसके कारण स्थानीय स्तर पर जनसंख्या संतुलन बिगड़ गया है। यही लोग दोनों ही राज्यों में अशांति का सबसे बड़ा कारण हैं ।स्थानीय छद्म धर्मनिरपेक्ष दल अपने निहित स्वार्थों के चलते इनको प्रश्रय दे रहे हैं और इनकी अराजक गतिविधियों का समर्थन कर रहे हैं। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हरकतों व उनकी बयानबाजी के कारण ही हिंसा भड़की। रामनवमी के पहले वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए लिए केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गईं और फिर बयान दिया कि वह रामनवमी की शोभायात्रा को रोकेंगी नहीं लेकिन यदि किसी प्रकार का कोई उपद्रव या हिंसा होती है तो वह बख्शेंगी भी नहीं। माना जा रहा है कि उनके बयानों के कारण ही उपद्रवियो का हौसला बढ़ गया ।हावड़ा व अन्य जगहों पर हिंदू समाज को रामनवमी मनाने से रोकने और डराने – धमकाने के लिए पत्थरबाजी की गई और बम फेंके गये ।वाहनों, दुकानों को आग लगाई गई और जमकर लूटपाट की गई। बंगाल के वर्धमान जिले में एक बीजेपी नेता की हत्या कर दी गई ।आज पूरा बंगाल जल रहा है। आजकल हिंदू विरोधियों और उनके आकाओं ने हिंसा और उसके बाद के भाषणों का एक नया पैटर्न बना लिया है। पहले उपद्रवी पत्थरबाजी, हमले और हिंसा करते हैं और उसके बाद उनके आका बयां जारी करते हैं कि शोभायात्रा में शामिल लोग जोर –जोर से डीजे बजा रहे थे या फिर वो मुस्लिम बाहुल्य वाले इलाकों से क्यों निकले या फिर किसी मस्जिद के सामने नारे क्यों लगाए ? यह राजनैतिक स्वार्थ सिद्धि का एक खतरनाक पैटर्न है। बंगाल के हावड़ा तथा अन्य जिलों में हुई हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हिंदू समाज पर ही आरोप मढ़ रही हैं और और अंतिम जांच रिपोर्ट आने से पूर्व ही जज बन गयी हैं। बंगाल में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजमूदार को हावड़ा का दौरा नहीं करने दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने दंगों की जांच एनआईए व सीबीआई से कराने के लिए के लिए हाईकोर्ट में याचिक दायर की है ।जबकि गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल के राज्यपाल से पूरी रिपोर्ट तलब की है जिसके लिए प्रदेश के राज्यपाल बंगाल के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर सकते हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री हर दंगे के बाद यही दावा करती हैं कि भारतीय जनता पार्टी ही बंगाल को बदनाम करने के लिए बाहर के लोगों को बुलाकर दंगा कराती है और ये भूल जाती हैं कि प्रदेश में दंगा न होने पाए इसकी जिम्मेदारी खुद उनके ऊपर है, जनता उनके इस गैर जिम्मेदार व्यवहार को देख रही है। कुछ दिन पूर्व आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह की बंगाल के बीजेपी सांसदों के साथ एक बड़ी बैठक हुई थी जो घोटालों व कर्ज के जाल में गले तक फंसीं प्रधानमंत्री पद की दावेदार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अच्छी नहीं लगी और उसके बाद से ही वह ऐसी बयानबाजी करने लगीं जिसका परिणाम रामनवमी पर हिंसा व उपद्रव के रूप सामने आया । यह वही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं जो उप्र के हाथरस में हुई दुर्भाग्यपूर्ण आपराधिक घटना का राजनैतिक लाभ लेने के लिए हाथरस जाना चाह रही थीं, टीएमसी के सांसद भी हाथरस आने के लिए खूब हंगामा मचा रहे थे और लोकतंत्र दुहाई दे रहे थे लेकिन जब उनके अपने राज्य बंगाल में हालात दयनीय हैं तब वह और उनका प्रशासन भाजपा नेताओं ही नहीं वरन स्वयं राष्ट्रपति के प्रतिनिधि राज्यपाल को हावड़ा सहित हिंसा प्रभावित क्षेत्रों मे जाने से रोक रहा है। बिहार की स्थिति भी बंगाल से बहुत अलग नहीं है। रामनवमी के पावन अवसर पर बिहार के बिहार शरीफ सहित पांच जिलों में हिंसा का तांडव हो रहा है। हिंसा का पैटर्न बंगाल जैसा ही है और स्थितियां अत्यंत दयनीय हो चुकी हैं। बिहार शरीफ वहीं जिला है जहां विगत दिनों भारत को 2047 में इस्लामिक राष्ट्र बनाएने की साजिष का भंडाफोड़ हुआ था ।बिहार के उपद्रव ग्रस्त जिलों में हालात इतने अधिक बदतर हैं कि पुलिस की जबर्दस्त मुस्तैदी के बाद भी बमबाजी हो रही है व गोलियां चल रही हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार दौरे पर प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से बातचीत की है और भारी संख्या में अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियां भेजने का ऐलान किया हैं जिसमें कुछ पहुंच भी गई है। बिहार में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति और अर्धसैनिक बलों का पहुंचना मुख्यमंत्री नीतिश कुमार और राजद नेताओं को पसंद नहीं आ रहा है और अब इन सभी लोगों ने दंगाईयों की जगह भाजपा पर हमला बोल दिया है। बिहार की हिंसा पर जदयू के एक नेता का बयान आया कि वह बिहार को गुजरात नहीं बनने देंगे? जबकि राजद नेता का बयान आया कि हिंसा, घृणा और नफरत की राजनीति केवल बीजेपी का ही काम है। दंगों में अपना सब कुछ गंवाने वाला हिंदू समाज इससे हतप्रभ है। बंगाल से बिहार तक रामनवमी पर जो हिंसा हो रही है वह न केवल हिंदू वरन भारत विरोधी टूलकिट का ही अंग है। बिहार से बंगाल तक की यह हिंसा पूरी तरह सुनियोजित है जिसे बंगाल और बिहार के सत्ताधारी दलों का समर्थन प्राप्त है । यह प्रायोजित हिंसा उस समय की जा रही है जब भारत जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है। इन प्रायोजित दंगों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को संपूर्ण विश्व में खराब किये जाने की चेष्टा हो रही है। हिंदू समाज के सभी पर्व उल्लास, उत्साह, प्रसन्नता के पर्याय हैं, उनकी शोभायात्राएं उमंग से भरी हुई होती हैं और उनमें गीत संगीत एक स्वाभाविक गुण की तरह होता है ।वे गाते बजाते चलते हैं किसी पर पत्थर मारते हुए नहीं चलते। देश का नागरिक होने के नाते वे प्रशासन से अनुमति लेकर जहाँ से चाहे निकल सकते हैं फिर वो कौन लोग हैं जो घात लगाकर उनपर हमला करते हैं ? हिंदू समाज के पर्वो को अशांत करना, पर्व मना रहे लोगों पर हमला करना बिना सुनियोजित साजिश के संभव नहीं है । अपने आप को धर्मनिरपेक्ष कहने वाले दलों का यह दोहरा राजनैतिक चरित्र नहीं तो और क्या है ? ये सभी पार्टियां और नेता हिंदू समाज के प्रति नफरत और घृणा का जहर बोकर उन्हें अपने ही देश में दोयम दर्जे का नागरिक बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं ।भारत का प्रधानमंत्री बनने का सपना पालने वाले तथाकथित सेकुलर लोग भारत को साम्प्रदायिकता की आग में झोंक कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाह रहे हैं ।भारत के सभी सेकुलर दल वास्तव में घोर हिंदू विरोधी हैं । हर व्यक्ति को यह तथा समझना चाहिए कि यदि धर्म के नाम पर विभाजित किये जाने के बाद भी आज भारत धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक राष्ट्र है तो केवल इसलिए कि हिन्दू समाज अभी भी कुछ सीमा तक बहुसंख्यक है । हिंदू समाज के लोग कभी भी किसी अन्य मतावलंबी का अहित नहीं चाहते और यह विश्व का सर्वाधिक सहिष्णु समाज है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# नगर विकास मंत्री ने लखनऊ में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किया सहभागिता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा द्वारा आज उत्तरी विधानसभा क्षेत्र लखनऊ के फैजुल्लागंज के चार वार्डों के लिए कुल 52.75 करोड़ रूपये लागत की विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत – फैजुल्लागंज की 1.5 से 02 लाख की आबादी को वर्षो से चली आ रही समस्या जल भराव, गंदगी, संचारी रोग, मच्छर जनित बीमारियों से निजात दिलाने के लिए 45 करोड़ रूपये लागत का 09 किमी0 लम्बाई के तथा 04 मी0 चौड़े पाइप लाइन आरसीसी नाले का शिलान्यास किया गया। यह नाला सीवरेज एवं जलनिकासी के लिए मधुबन बिहार से हरिओम नगर, छोटी खदान, ककौली गॉव, गौरभीट गॉव, घईला रोड पेट्रोल पम्प, हनुमंतपुरम् द्वितीय, दुर्गापुरी दाउदनगर, 60 फिटा रोड के किनारे–किनारे गोमती नदी तक बनाया जायेगा। फैजुल्लागंज के चार वार्डों में डूडा एवं सूडा के अंतर्गत नाली एवं सड़क निर्माण के 14 कार्यों के लिए 2.75 करोड़ रूपये की लागत से कराये जाने वाले कार्यों का शिलान्यास किया गया। अब क्षेत्र में नाली, सड़क निर्माण व साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रहेगा। शिलान्यास किये गये सभी विकास कार्यों को एक वर्ष के भीतर पूरा कराने का दिया आश्वासन। राजाजीपुरम में पम्प हाउस के जीर्णोद्धार एवं नई मशीनें लगाने के लिए भी 05 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 05 लाभार्थियों को चाबी सौंपी गई। कुल 100 लाभार्थियों को पीएम आवास की स्वीकृति मिली है, जिन्हें चाबी दी जायेगी। मंत्री




जी ने उत्तरी विधानसभा का एक वर्ष में कराये गये विकास कार्यों के लेखा जोखा को प्रदर्शित करती पुस्तक ''विकास की राह पर लखनऊ उत्तर'' का विमोचन भी किया। मंत्री ने एन0यू0एल0एम0 से तकनीकी शिक्षा प्राप्त 30 विद्यार्थियों के लिए सर्टिफिकेट दिया। मनकामेश्वर वार्ड के सभासद रहे रणजीत सिंह द्वारा 250 रविवार गोमती नदी की सफाई में देने के लिए मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तरी विधानसभा के विधायक डा0 नीरज बोरा, उनकी पत्नी इन्दु बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व महापौर सुरेश अवस्थी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह, डूडा के परियोजना अधिकारी सुधीर सिंह, क्षेत्रीय पार्षद, मण्डल अध्यक्ष, क्षेत्र की गणमान्य एवं आशा बहुए आदि उपस्थित थे। केन्द्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में दिल्ली एवं लखनऊ से चला 100 रूपया पूरा का पूरा विकास कार्यों एवं जनता तक पहुंचता है। इसके पहले की सरकारों में यह मात्र 15 पैसा ही पहुंचता था। नगर विकास मंत्री ने विधायक डा0 नीरज बोरा का क्षेत्र की जनता के प्रति समर्पण एवं विकास कार्यों के लिए प्रयास को सराहा। सबसे ज्यादा परेशानियों, गंदगी व रोगों का सामना इस क्षेत्र की नारी शक्ति को करना पड़ता था। इस परेशानी से शीघ्र ही निजात मिलेगी।

# जानकीपुरम पुलिस ने पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी से सम्बन्धित माल किया बरामद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त एस0बी0 शिरडकर द्वारा चोरी / नकबजनी से सम्बन्धित वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त (उत्तरी जोन) एस०एम० कासिम आब्दी के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजित आर० शंकर के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज आशुतोष कुमार एवं प्रभारी अतिरिक्त निरीक्षक जानकीपुरम शैलेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 03.04.2023 को थाना जानकीपुरम लखनऊ की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण – अजमत पुत्र तैय्यब निवासी शीर्ष टोला उत्तरी तम्बौर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर उम्र करीब 24 वर्ष,माजिद पुत्र नाजीर निवासी शेखन टोला थाना तम्बौर जनपद सीतापुर उम्र करीब 24 वर्ष, फैसल उर्फ छोटू पुत्र अलीम निवासी शीर्ष



टोला उत्तरी तम्बौर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर उम्र करीब 24 वर्ष, शीबू पुत्र अब्दुल खालिद निवासी शीर्ष टोला उत्तरी तम्बौर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर उम्र करीब 19 वर्ष, संजय पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम रेउसा मेहमूदाबाद रोड थाना रेउसा जनपद सीतापुर उम्र करीब 38 वर्ष को मिर्जापुर पुलिया के पास जानकीपुरम से समय करीब प्रातः 06.50 बजे मय मालमशरुका उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

# भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ द्वारा "वादा निभाओ महारैली" एवं एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ, यूपी इकाई द्वारा इको गार्डन लखनऊ में ''वादा निभाओ महारैली'' एवं एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया ।भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ, यूपी इकाई द्वारा इको गार्डन लखनऊ में ''वादा निभाओ महारैली'' एवं एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के 42000 मनरेगा कर्मियों जिसमें ग्राम रोजगार सेवक, एपीओ, तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर आदि मनरेगा कर्मी उपस्थित हुए । ''वादा निभाओ महारैली'' की अध्यक्षता माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू हेमंत राव जी ने की मुख्य अतिथि श्री चिदानंद कश्यप, राष्ट्रीय महासचिव तथा संचालन गंगादीन कश्यप जी ने किया। महारैली में सभी संवर्गों से विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय बाबू हेमंत राव जी ने अपने संबोधान में कहा कि दिनांक 3 अप्रैल 2016 को झूलेलाल मैदान में माननीय सांसद कौशल किशोर जी एवं माननीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी ने उत्तर प्रदेश के समस्त संविदा कर्मियों के साथ ''अधिकार दिलाओ महारैली'' की थी जिसमें हम सभी मनरेगा कर्मियों को भी बुलाया गया था और उसमें हम सभी से नियमित करने का वादा किया गया था और माननीय सांसद कौशल किशोर जी के द्वारा लिखित वादा पत्र दिया गया था कि हमारी अर्थात भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर हम सभी मनरेगा कर्मियों को नियमित करने का काम करेंगे लेकिन 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसको लेकर हम लोग आज यहां एकत्र हुए हैं। हम सरकार से मांग करते हैं कि हमारी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय महासचिव माननीय चिदानंद कश्यप जी ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य में एक दिवसीय कार्यक्रम करेगा । जिसकी शुरुआत



आज उत्तर प्रदेश की सर जमी पर ''वादा निभाओ महारैली'' के रूप में की जा चुकी है । हम भारत सरकार नई दिल्ली आदरणीय प्रधानमंत्री जी से गुहार लगाते हैं कि मनरेगा अधिनियम में संशोधन करते हुए हम सभी मनरेगा कर्मियों को स्थाई करण अथवा वेतनमान की स्वीकृति प्रदान करें । हम सभी 2024 में आपको सम्मान सहित तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे ।राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी फखरुद्दीन शेख एवं नीरज माहेश्वरी जी ने अपने संबोधन में सरकार को याद दिलाया है कि ईपीएफ का पैसा वर्ष 2017 से कट रहा है लेकिन उनके ईपीएफ खाते में जमा नहीं कराया जा रहा है जिस कारण मृतक आश्रितो को लाभ नहीं मिल पा रहा है जिन अधिकारियों ने लापरवाही की है उनको चिन्हित करके उनका निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए। अंत में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया है कि आज ''वादा निभाओ महारैली'' के 05 सूत्रीय ज्ञापन पर 30 अप्रैल तक कोई निष्कर्ष नहीं निकलता अथवा कोई शासनादेश जारी नहीं किए जाते हैं तब ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश के समस्त मनरेगा कर्मी 1 मई 2023 मजदूर दिवस से 3 मई 2023 तक तीन दिवसीय कलम बंद हड़ताल करेंगे । उत्तर प्रदेश में 3 दिन तक मनरेगा पूर्ण रूप से बंद रहेगी।''वादा निभाओ महारैली'' में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से मनरेगा कर्मी पहुंचे जिसमें मुख्य रुप से श्री रघुनाथ पटेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री महेंद्र कुमार सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी ,श्री प्रमोद कुमार पांडे सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, श्री रवि जयसवाल सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, ने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में शेखर चंदेल ,शेर सिंह यादव, रंजना सिंह ,संतोष यादव, पंकज मिश्रा ,अरुण यादव ,राकेश पटेल ,लक्ष्मी नारायण चौरसिया, चंद्रेश्वर तिवारी ,बरजोर सिंह, सत्यपाल, अजेंद्र नाथ दीक्षित, ललितेश शास्त्री , राजवीर सिंह, सुमित राघव ,अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेस वे के कार्यों की प्रगति का समीक्षा कर दिए निर्देश

रिपोर्ट उमाकान्त श्रीवास्तव शाहजहाँपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वी.सी. कक्ष में गंगा एक्सप्रेस वे के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चल रहे गंगा एक्सप्रेस वे के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया को शीघ्र किया जाए। जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेस वें कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यह प्रोजेक्ट शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए इसे समय से पूर्ण कराए जाने हेतु सभी संबंधित अधिकारी समय से सभी कार्यवाहियां पूरी करें। भूमि संबंधित अवरोधों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्तरों पर भाईचारा स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करें। जिससे एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य सुचारू रूप से पूर्ण कराया जा सके। गंगा एक्सप्रेस वे का लगभग



40 किमी का निर्माण कार्य जनपद के क्षेत्र में कराया जा रहा है। जिसमे लगभग 20 प्रतिशत कार्य कराए जा चुके हैं। शेष कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने हेतु जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय , प्रोजेक्ट मैनेजर विश्वनाथ साहा , उपजिलाधिकारी सदर सतीश चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क खोदकर बनाना भूल गया नगर निगम : मुख्यमंत्री से किया समस्या हल कराने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 34/1, सरस्वतीपुरम, निकट लालकोठी, गोरखनाथ मंदिर के पास, खरगापुर, गोमतीनगर विस्तार के सामने एक माह पूर्व क्रास नाली की सफाई करने के लिए पूरी सड़क खोद दी तथा उसको बनाना भूल गया है जिसके कारण नागरिकों को बहुत परेशानी हो रही है तथा अक्सर नागरिक गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। यह सड़क गोरखनाथ मंदिर से कौशलपुरी जाने वाली मुख्य सड़क होने के कारण स्थानीय नागरिकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय नागरिकों को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम, जोन 4 कार्यालय में सम्पर्क किया तो उन्हें बताया गया कि उन्हें यह क्षेत्र स्थानांतरित नहीं है इसलिए उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती है जबकि यह क्षेत्र नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र में है तथा नये वार्ड मल्हौर –सरसवां में आता है। इस सम्बन्ध में मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा को स्थानीय नागरिक बलवीर सिंह ने समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने 2 अप्रैल 2023



को लखनऊ वन एप पर शिकायत संख्या 20230402000097791के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी परन्तु उसे बिना कार्यवाही किये शिकायत निस्तारित कर दिया गया। इस सम्बन्ध में मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने जन सुनवाई पर मुख्यमंत्री से शिकायत संख्या 40015723022121 से दर्ज करा कर जनता की समस्या हल कराने की मांग की है।

# 11 से 13 अप्रैल 2023 तक राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में शोकेश होंगे भारतवर्ष के टॉप 100 से अधिक नवाचारी वैज्ञानिक मॉडल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे भारत वर्ष छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे सौ से अधिक नवाचारी विज्ञान मॉडल शोकेश किये जायेंगे। जे डी लखनऊ कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रदर्शनी में इंस्पायर अवार्ड मॉनक राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी 2021 में चयनित टॉप 60 मॉडल्स भी शोकेश किये जाएंगे। कोई भी छात्र/छात्रा/शिक्षक/शिक्षिका/या विद्यालय की फैकल्टी इस प्रदर्शनी को देख सकते हैं,उक्त प्रदर्शनी में टॉप सौ से अधिक मॉडल्स को देखने के लिए घर बैठे नीचे दिए गए लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। https%//nif.org.in/fine2023 डॉ0 दिनेश कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार की इन्सपायर अवार्ड मॉनक योजना द्वारा प्रत्येक वर्ष पूरे भारतवर्ष में क्लास 6जी से 10जी स्तर तक के छात्र छात्राओं का ऑनलाईन नामांकन किया जाता है जिसमें जनपद, व राज्य स्तर की प्रदर्शनी से चयनित छात्र छात्राओं को नेशनल स्तर की प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होता है, पूरे भारतवर्ष से टॉप 60 नवाचारी मॉडल्स का चयन किया जाता है राष्ट्रपति भवन में तीन दिनों तक



होने वाली प्रदर्शनी में शोकेश करने का सुअवसर प्राप्त होता है, और कुछ विशिष्ट मॉडल्स बनाने वाले छात्र छात्राओं को दस दिन की निःशुल्क विदेश यात्रा का अवसर भी प्राप्त होता है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि इच्छुक टीचर्स या फैकल्टी दिए गए लिंक पर घर बैठे अपना नामांकन करवाकर प्रदर्शनी में शोकेश किये जाने वाले पूरे भारतवर्ष के सौ से अधिक नवाचारी मॉडल्स के प्रदर्शन को देख सकते हैं और उसी के अनुरूप अपने अपने विद्यालय या कॉलेज में छात्र छात्राओं की तैयारी हेतु टिप्स भी दे सकते हैं।

# बेबी सो व रैम्प वॉक में ढेर सारे गिफ्ट पाकर बच्चों ने की मस्ती



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस.के.डी. एकेडमी की वृन्दावन शाखा में आज 4 अप्रैल 2023, दिन मंगलवार को किड्स फेस्ट का आयोजन कराया गया। इस फेस्ट में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें भाग लेने हेतु निःशुल्क एन्ट्री थी। जिसकी वजह से 300–400 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। फेस्ट में सभी उम्र के बच्चे एवं माता पिता के लिए फन गेम्स कराये गये। 'बेबी–शो' में बच्चे खूब थिरके और तोतली आवाज में गाने गाये एवं कुछ ने कविता भी सुनाई। 'रैम्प वॉक' में माँ–बेटी एवं पिता–पुत्र ने खूब सुन्दर नृत्य का प्रदर्शन कर मनमोह लिया। टैलेन्ट हन्ट में बच्चों ने अपने अलग तरह के टैलेन्ट दिखाये किसी ने मिमिक्री की तो किसी ने गायन व नृत्य करके समा बांधा। बच्चों व अभिभावकों को कई प्रकार के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस फेस्ट में संस्था के निदेशक मनीष सिंह , उपनिदेशक निशा सिंह , सह–निदेशक कुसुम बत्रा ने प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारम्भ किया, साथ ही शाखा के प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल ने अहम भूमिका की है, जिसमें वर्षा राजपूत, प्रिंसपल, द वर्ल्ड वाक, तृप्ति सिंह सह निदेशक, एसकेडी हास्पिटल, प्रियंका वर्मा, प्रिंसपल लिटिल मिलेनियम, राखी गुप्ता, प्रिंसपल बचपन प्ले स्कूल, कु0 नेहा, सोशल एक्टिविस्ट बीजेपी आदि जिन्होने बच्चों के विभिन्न कार्यक्रम में निर्णय देकर बच्चों को पुरस्कृत किया। 0 से 3 वर्ष 'बेबी शो' प्रतियोगिता में बेबी गुरशखी प्रथम, 3 से 6 वर्ष शो में कियारा ने प्रथम पुरस्कार जीता। आर्ट एवं क्राफ्ट में सृष्टि शुक्ला प्रथम, रैम्प वॉक में ईशानी 3 वर्ष से छः वर्ष में प्रथम, 6 से 10 वर्ष आयु में रैम्प वॉक में ओजस्वी प्रथम, एवं टैलेन्ट हन्ट प्रतियोगिता में अदिति ने प्रथम स्थान जीता। मनीष सिंह ने बताया कि हमारी संस्था एस.के.डी. ग्रुप में समय–समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं और आगे भी होते रहेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों और उनके माता–पिता में प्रेम और सहयोग की भावना का विकास होता है।

## गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है रोजा इफ्तार –फाजिल सिद्दिकी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के बलुआघाट मोहल्ले में समाजसेवी फाजिल सिद्दिकी के आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार में शीराज हिन्द की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए सभी धर्म और वर्ग के लोग शामिल हुए। बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निखलेश सिंह ने कहा कि नगर के लोगो का प्यार ही है कि सभी लोग एक दूसरे के त्योहारो में खुशी खुशी शामिल होते है।रमजान के पाक महीने में रोजेदारों के बीच बैठकर इफ्तार करना अपने आप मे गर्व की बात है। सभासद इरशाद मंसूरी में कहा कि रमजान रहमत और बरकतों का महीना है । इस महीने में की यही बरकत है कि आज सभी लोग एक स्थान पर इक्ठ्ठा हुए है। दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव ने रोजेदारों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि रमजान के पाक महीने में रोजा रखने से 70 गुना ज्यादा सवाब मिलता है । इस पाक महीने में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत मे किया जाता रहा है लेकिन जौनपुर की मिट्टी में वो खुशबू है कि यहाँ सभी वर्ग के लोग एक दूसरे के त्योहारो में बढ़ चढ़ कर शरीक होते है। मगरिब की अजान होते ही रोजेदारों ने इफ्तार किया और हाफिज मेराज ने नमाज अदा कराई। बाद नमाज मुल्क के अमन शांति के लिए दुआ



कराई गई। इस मौके पर जगदीश मौर्य गप्पू, सलीम पठान,उबैदुर्रहमान सिद्दीकी,शकील मंसूरी, मो. अजमत,उमेश मौर्य, शकील अहमद, विजय सिंह बागी,विशाल सिंह हुकुम, इमरान बन्टी,शरीफ राईनी, मेराज मंसूरी, उस्मान अहमद, मो. आदिल सिद्दीकी, सभासद अलमास सिद्दीकी, अबुजर शेख, आदिल शेख, तनवीर आलम गुड्डू, शकील माज, मेराज अहमद राईनी,इमरान अहमद, महताब अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे। आखिर में आयोजक फाजिल सिद्दीकी ने आये हुए लोगो का शुक्रिया अदा किया।

## दीननगर व सुठेना ग्राम पंचायत को मिला मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के चलते हरदोई जिले के विकासखण्ड कछौना की दो ग्राम पंचायतों दीननगर व सुठेना को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में पुरस्कृत किया गया है। सीएम पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत चयनित दोनों ग्राम पंचायतों को उत्कृष्टता श्रेणी के आधार पर पुरस्कार की धनराशि जारी कर दी गई है। ज्ञातव्य हो कि योगी सरकार द्वारा 2017 में शुरू की गई इस योजना में ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने व उनके सशक्तिकरण हेतु प्रत्येक वर्ष पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया जाता है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्य, निर्माण तथा जनहित कार्यों में बेहतर प्रदर्शन और ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों पर इस योजना में ऑनलाइन आवेदन लिए जाते हैं। इस योजना में ग्राम पंचायत के विकास से संबंधित 9 क्षेत्रों से 50 मानकों की राज्य स्तरीय टीम द्वारा समीक्षा तथा मार्किंग व रैंकिंग के बाद चयनित ग्राम पंचायतों को विकास के लिए अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले से पांच–पांच ग्राम पंचायतों(एक ब्लॉक से अधिकतम दो ग्राम पंचायतें) का चयन किया जाता है। हालांकि पहले प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक से तीन–तीन ग्राम पंचायतों का चयन किया जाता था लेकिन फिर यह नियम बदल दिया गया था। योजना के तहत तत्कालीन वर्ष 2021–22 हेतु मुजफ्फरनगर जिले को छोड़कर प्रदेश के प्रत्येक जिले से पांच–पांच ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से गौशाला का रख–रखाव, तरल व अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन कार्य, ग्राम पंचायत की स्वयं आमदनी बढ़ाने के विकल्पों पर कार्य, पंचायत भवन हेतु तकनीकी वस्तुओं की खरीद, पुस्तकालय की स्थापना सहित टीकाकरण आदि कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है। वर्ष 2021–22 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सशक्तिकरण व कराए गए विकास कार्यों हेतु उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग द्वारा इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चयनित 370 ग्राम पंचायतों में हरदोई जनपद की कुल पांच ग्राम पंचायतों में विकासखण्ड कछौना की दो ग्राम पंचायतें दीननगर व सुठेना, विकासखण्ड संडीला की दो ग्राम पंचायतें मवई मुसलमाना व गोगादेव तथा विकासखण्ड सांडी की एक ग्राम पंचायत भानापुर जानीमऊ शामिल हैं, जिसमें क्रमशः मवई मुसलमाना को 11 लाख, भानापुर जानीमऊ को 9 लाख, दीननगर को 6 लाख, सुठेना को 4 लाख तथा गोगादेव को 2 लाख की पुरस्कार स्वरूप धनराशि जारी कर दी गई है। हरदोई के जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के पंचायती राज विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि खाते में धनराशि जारी कर दी गई है जिसे ग्राम प्रधान व सचिव गांव के विकास में खर्च करेंगे। वहीं पुरस्कार मिलने से संबंधित ग्राम पंचायतों में खुशी की लहर व्याप्त है। कछौना ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में चयनित होने पर कछौना के खंड विकास अधिकारी मानवेन्द्र शर्मा ने दोनों ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिव को बधाई देते हुए कहा कि चयनित ग्राम पंचायतों में सर्वांगीण विकास की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की समस्त लोक कल्याणकारी योजनाओं को ब्लॉक में शत प्रतिशत लागू कराना, आमजनमानस को सभी योजनाओं से लाभान्वित कराने के साथ–साथ संपूर्ण विकासखण्ड कछौना विकास के विकास के लिए वो सदैव प्रतिबद्ध हैं। ग्राम पंचायत दीननगर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत के इस योजना में चयनित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसका श्रेय सभी ग्रामवासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत दीननगर में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायत में तालाबों का समुचित रख–रखाव/सौंदर्यीकरण, वाटिका निर्माण, स्वास्थ्य उपकेंद्र का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराए जाएंगे। मुकेश सिंह ने कहा कि वो भविष्य में ग्राम पंचायत दीननगर को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कराए जाने हेतु प्रयासरत हैं। ग्राम पंचायत दीननगर की ग्राम प्रधान राजेश्वरी देवी, ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार वर्मा तथा ग्राम पंचायत सुठेना के ग्राम प्रधान गौरीशंकर, निवर्तमान ग्राम प्रधान अमरनाथ कनौजिया(गुड्डू) व ग्राम विकास अधिकारी मन्नीलाल ने भी अपनी–अपनी ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में चयनित होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## एलटीटी एक्सप्रेस के इंजन पर चढ़ा युवक जिंदा जला : यात्रियों में मची भगदड़

बहराइच ब्यूरो : झांसी से गोरखपुर जा रही मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन पर एक यात्री मंगलवार सुबह चढ़ गया। इंजन पर चढ़ते ही यात्री जिंदा जलते हुए दग गया। ट्रेन रुकने पर यात्रियों में भगदड़ मच गई। इससे कई ट्रेन भी प्रभावित हुई है। झांसी से मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को गोरखपुर के लिए रवाना हुई। ट्रेन बहराइच जिले के जरवल रोड रेलवे स्टेशन से साढ़े चार किलोमीटर दूर पिलर संख्या 699/02 के पास पहुंची तभी लाल सिंगनल मिलने पर ट्रेन को सुबह 8.10 बजे रोक दिया गया। इसी दौरान एक यात्री ट्रेन से चालक के पीछे बने इंजन पर चढ़ गया। उसने रेलवे स्टेशन पर बने लाइन को पकड़ लिया। यात्री तार को टच करते ही जल कर दग गया। इससे अफरा तफरी मच गई। ट्रेन के यात्री नीचे उतर गए। सभी को सूचना भेजी गई। जरवल रोड प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक पवन कुमार समेत 30 जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह झुलसे यात्री को



नीचे उतारा। इसके बाद उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यात्री के पास झांसी का जला हुआ टिकट मिला है। शायद वह गोरखपुर जा रहा था। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। ट्रेन रुकने से अन्य ट्रेन भी प्रभावित रही। बढ़वल आरपीएफ इंचार्ज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यदि नई तकनीक न होती तो तो यात्री के लाइन से दगने पर ट्रेन में बड़ा हादसा हो सकता था साथ ही कई यात्रियों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

## 311 वाहनों का चालान 02 वाहन सीज 10000 जुर्माना वसूल –यातायात प्रभारी निरक्षक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु दिए गए निर्देश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी यातायातध्नगर व प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा निर्धारित स्टैंड से ऑटो संचालन सुनिश्चित करने हेतु ई रिक्षा और ऑटो चालकों को पूर्व में निर्धारित स्टैंड से ही वाहन संचालन करने, व अपने निर्धारीत रुट से ही शहर क्षेत्र में चलनें हेतु निर्देशित किया गया। इसके पूर्व यातायात कार्यालय में यातायात कर्मियों के साथ मीटिंग कर सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित स्टैंड के अतिरिक्त सवारी भरने तथा वाहन पार्क करने के कारण 54 वाहनो का ऑनलाइन चालान भी किया गया तथा 02 वाहनों को सीज भी किया गया व उन्हें भविष्य में निर्धारित स्टैंड से ही सवारी भरने का निर्देश दिया गया। यातायात उल्लंघन में की गई कार्यवाही का विवरण कुल चालान 311 सीज किए गए वाहन 02 वसूल किया गया जुर्माना 10000।

## किशोरी से गैंगरेप में किशोर अपराधी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी से सामूहिक दुराचार में पुलिस ने मोहल्ले के ही रहने वाले एक किशोर को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ अलग–अलग आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पीड़ित किशोरी के पिता की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि मोहल्ले का एक लड़का उनकी 14 वर्षीय पुत्री को पिछले पांच माह से परेशान कर रहा था और आते–जाते पीछा करता था तथा अपने साथ भाग चलने को मजबूर कर रहा था। 28 मार्च को भी दोपहर बाद मौका देख उसने ऐसा ही किया और शाम 7 बजे उसकी पुत्री किशोर के घर में मिली। प्रकरण में पुलिस ने किशोर के खिलाफ आबरू पर हमले और पाक्सो एक्ट के तहत और किशोर के पिता की शिकायत पर पीड़िता के परिवार के खिलाफ मारपीट,धमकी, गाली–गलौच और एससएसटी एक्ट में केस दर्ज किया था। विवेचना और पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान में पता चला कि किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ और मारपीट,धमकी, गाली–गलौच दी गई। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण में बहला–फुसलाकर अगवा करने,सामूहिक दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की कई धाराएं बढ़ाई तथा किशोर अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसका मेडिकल परीक्षण तथा डीएनए व ब्लड सैंपल सुरक्षित कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को बाल अदालत में पेश किया है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म में दो और लोगों की संलिप्तता प्रकाश में आई है। एक किशोर अपचारी को गिरफ्तार किया गया है।

## भारत किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बने अमित यादव

जौनपुर क्राइम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : भारत किसान यूनियन की बैठक केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान ने किया । यूनियन के अन्य पदाधिकारियों से किसानों की समस्याओं की निराकरण और सुविधाओं सहूलियत पर चर्चा किया और यूनियन की मजबूती को देखते हुए जौनपुर के



पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव के पुत्र अमित यादव को भारत किसान यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर अमित यादव ने कहा कि किसान हित मेरी प्राथमिकता होगी और देश के विकास में किसानों के सबसे बड़ी भूमिका होती है। इनको साथ लेकर चला जाएगा और इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए माला पहनाकर स्वागत किया।

## माफिया अतीक के भाई को जेल में सुविधाएं देने के मामले में अधीक्षक निलंबित

लखनऊ ब्यूरो : माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को जेल में सुविधाएं मुहैया कराने के मामले में बरेली जेल के अधीक्षक राजीव कुमार शुक्ला



को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, नैनी जेल के अधीक्षक व बांदा जेल के अधीक्षक पर भी गाज गिरी है। नैनी जेल के जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह और बांदा जेल के अधीक्षक अविनाश गौतम को भी निलंबित कर दिया गया है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने पीटकर किया मरणासन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के हनुवडी गांव में दबंग द्वारा किशोरी के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर लाठियां पैसे पिटकर मरणासन्न कर दिया। मामला मंगलवार की सुबह का है गांव के कुछ लोग गरीब हरिजन की लड़की के साथ जबरदस्ती छेड़खानी कर रहे थे जिसका वह लड़की विरोध कर रही थी। लड़की की चीख पुकार सुनकर ट्रैक्टर लेकर उसी रास्ते से गुजर रहे मोहन यादव 58 वर्ष ने जब इस बात का विरोध किया तो। दबंगों ने उन्हें लाठियों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। हमलावरों की पिटाई से मोहन लाल यादव मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा उन्हें अचेत अवस्था में ही लेकर ब्लॉक पर ले गए जहां उनके सिर में दस टाका लगाकर बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया है। घायल के साथ दोनों दलित लड़कियां भी जिला अस्पताल पहुंच गई और अपनी आपबीती बताई इस मामले को पुलिस जमीनी विवाद का मामला बात रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई है। पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

## ट्रान्सफार्मर पर चढ़ी विवाहिता : विद्युत स्पर्शाघात से झुलसी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव में ट्रान्सफार्मर पर चढ़ी महिला बिजली की चपेट में आने बुरी तरह झुलस गयी।संयोग अच्छा था कि विद्युत आपूर्ति क्षण भर के लिये ही की गयी थी,स्वतः बिजली कट जाने से महिला की जान बच गयी,लेकिन बिजली की चपेट में आने से उसका हाथ बुरी तरह झुलस गया।कथित तौर पर उक्त गांव निवासिनी बिरमा (28) पत्नी उत्तम किसी बात से नाराज होकर गांव स्थित ट्रान्सफार्मर के पास पहुंच गयी,और हाईवोल्टेज तार पकड़ते ही विद्युत आपूर्ति क्षण भर के लिये चालू हो गयी,जिससे उसका हाथ बुरी तरह झुलस गया।मौके पर पहुंचे परिजन व स्थानीय लोग उपचार हेतु शाहगंज ले गये,जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है और वह खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## तम्बाकू निषेध एवं ओरल माउथ कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

सुलतानपुर 02 दिवसीय कैंसर विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट सेवाभारती द्वारा दुलहन/शगुन मैरिज लॉन, में तम्बाकू निषेध एवं ओरल/माउथ कैंसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक सूर्यदेव मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्षा अलका सिंह व संस्थापक अध्यक्ष सूर्यदेव सिंह द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदया का पुष्प गुच्छ व मोमेन्टों देकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि सहित अन्य लोगों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट सेवाभारती एवं राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में आशा बहुएं एवं एएनएम, जीएनएम और सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन जिले के समस्त आशा कार्यकत्री बहनों और सभी ग्राम प्रधानों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को माउथ कैंसर, ओरल तम्बाकू कैंसर विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी.के. त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला का शुभारम्भ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यशाला में डॉक्टर गौरा किशोर रथ एवं डॉ. पवन गुप्ता ने कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कैंसर को शुरुआत के दौर में डायग्नोज कर लिया जाए, तो उसका इलाज किया जा सकता है। उन्होंने आशा बहुओं से यह आहवान किया की आप सभी यदि अपने कार्यक्षेत्र में तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को बताएंगे और लोग तंबाकू निषेध करेंगे, तब कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। जिलाधिकारी महोदया ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों को आगे आकर तंबाकू पर रोकथाम के लिए जागरूकता में शामिल होना चाहिए। उन्होंने सभी आशा कार्यकत्रियों व ए.एन.एम. से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने कार्यक्षेत्र में कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करें तथा कैंसर रोगियों की पहचान करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं में ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर एक कामन बीमारी हो गयी है। उन्होंने कहा कि मुँह के कैंसर के प्रति भी लोगों को जागरुक किया जाना चाहिये। विशिष्ट अतिथि सीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग से हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। सेवा भारती महामंत्री डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने बताया की लगभग 4000 आशा, एएनएम एवं जीएनएम और सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि सेवा भारती की तरफ से तंबाकू निषेध पर एक बड़ा जागरूकता अभियान पूरे जिले में चलाया जाएगा। ओरल एवं माउथ कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी, जिससे मई में होने वाले विशाल चिकित्सा शिविर में ऐसे मरीजों को पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के दूसरे दिन कैंसर विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी ग्राम प्रधानों, ग्राम सेक्रेटरी एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं, रोजगार सेवक और सफाई कर्मियों को माउथ कैंसर, ओरल तम्बाकू कैंसर विषय पर प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुल लगभग 17000 लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एक्स. चीफ. कैंसर सेन्टर एम्स, प्रोफेसर गौरा किशोर रथ व डायरेक्टर मैक्स. इंस्टीट्यूट आफ कैंसर केयर नई दिल्ली डॉ0 पवन गुप्ता द्वारा कैंसर के प्रति लोगों को जागरूकता हेतु सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस रेड क्रॉस सोसाइटी की चेयरमैन हेमा बिंदु नायक जी थी। कार्यक्रम में कैंसर विषय पर प्रशिक्षण देने वाले विशेषज्ञों में मैक्स अस्पताल दिल्ली के डायरेक्टर डॉ0 पवन गुप्ता और एम्स के पूर्व अध्यक्ष कैंसर विषय विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कैंसर एक भयंकर बीमारी है, लेकिन लाइलाज नहीं है। सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन श्रीमती अलका सिंह द्वारा कैंसर विषय पर जनपद सुलतानपुर में जागरूकता कार्यक्रम का संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि में इस प्रकार के कार्यक्रम को ब्लॉक स्तर पर कराती रहूंगी और कैंसर के क्षेत्र में मैं लगातार जनपद सुल्तानपुर को अपनी सेवाएं प्रदान करती रहूंगी। इस कार्यक्रम के अगले चरण में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के 200 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षण में लगभग जनपद के 1500 से अधिक जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सभी लोगों को कैंसर विषय पर जानकारी प्रदान की गई। सभी को सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल ट्रस्ट चैरिटेबल के तरफ से एक बैग, एक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## ट्रैक्टर के नीचे दबकर सिपाही की दर्दनाक मौत : खून से लथपथ हुई सड़क : कुछ महीने पहले हुई थी शादी

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर में बक्शा थाना पर तैनात सिपाही की मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर से दबकर मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब वह थाने पर खराब टैबलेट कम्प्यूटर को बनवाने के लिए बाइक से बाजार जा रहे थे। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया है। बाराबंकी जिले के ठठराही हैदरगढ़ निवासी अरुण सिंह (25) पुत्र अनिल सिंह दिसंबर 20019 से बक्शा थाने पर सिपाही तैनात थे। अरुण वहां पर कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य करते थे। वह सुबह थाने के खराब टैबलेट बनवाने के काम से नौपेड़वा बाजार गए थे। सुबह नौ बजे जब वह नौपेड़वा से बक्शा थाने की तरफ लौट रहे थे कि बेलापार गांव के पास बाजार में नाली निर्माण के लिए आधी सड़क पर बालू पड़ी थी। सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बचने के चक्कर में उनकी बाइक बालू पर चढ़ गई। इससे वह बाइक सहित असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए। सामने से तेज रफ्तार से आ रही ट्राली लगा ट्रैक्टर सिपाही के ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद





चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। अरुण अपनी पत्नी एकता सिंह के साथ नौपेड़वा बाजार लकड़मंडी में भाड़े का कमरा लेकर रहते थे। अरुण की शादी 2022 जून में हुई थी। अरुण दो भाइयों में बड़े थे। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि सिपाही अरुण सिंह टैबलेट बनवाने के लिए गए थे, जहां उसकी दुर्घटना में मौत हो गई। पत्नी एकता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## ब्रजनाथ हॉस्टल में मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज : रात करीब 1.30 बजे हुई थी घटना

वाराणसी ब्यूरो : बनारस हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पंडित ब्रजनाथ छात्रावास में बीती देर रात मारपीट तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। हॉस्टल में घुसकर छात्रों के ऊपर जानलेवा हमला करने और तोड़फोड़ करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक लंका अश्वनी कुमार पांडे ने बताया कि यह कार्रवाई समस्त छात्रावास के छात्रों की तरफ से मिली तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। हमला करने वालों की पहचान सीसीटीवी फुटेज की मदद से कर कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर मंगलवार को भी चीफ प्रॉक्टर के साथ ही पुलिस भी अलर्ट मूड में बनी रही है। बता दें कि बीएचयू परिसर के ब्रजनाथ हॉस्टल के बाहर सोमवार रात करीब 1.30 बजे मुंह बांधकर आए छात्रों ने खड़ी गाड़ियों (बाइक) में तोड़फोड़ कर दी। अचानक गाड़ियों के टूटने की आवाज सुनकर जब तक छात्र बाहर आते तब तक घटना को अंजाम देने वाले छात्र वहां से भाग खड़े हुए। सूचना पाकर कुछ ही देर में प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम भी पहुंच गई। घटना को किन लोगों ने और क्यों अंजाम दिया इसका कुछ पता नहीं चल सका है लेकिन ब्रजनाथ हॉस्टल के छात्रों का कहना है की उन्होंने 25 से 30 छात्रों को एलबीएस हॉस्टल की ओर भागते देखा है।

## ट्रक पर गमछे के सहारे लटकता मिला युवक का शव : घटना से परिजनों में कोहराम

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित आंबेडकर मूर्ति के पास खड़ी एक ट्रक पर गमछे के सहारे खलासी का शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी करन कुमार (30) गांव के ही एक व्यक्ति के ट्रक पर बतौर खलासी काम करता था। सोमवार की शाम वह घर से फरिहां बाजार किसी काम से गया था। बाजार से वापस लौटने पर वह गांव स्थित आंबेडकर मूर्ति के पास खड़े ट्रक पर पहुंचा। इसके बाद देर रात उसका शव ट्रक पर ही गमछे के सहारे लटकता मिला। करन का शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर गंभीरपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। मृतक के तीन भाई व एक बहन बताए गए है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। वहीं पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। एसओ गंभीरपुर विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# जिला चिकित्सालय परिसर अयोध्या में मास्क लगाकर ही करे प्रवेश – सीएमएस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में कोरोना महामारी न फैले इसके लिए जिला चिकित्सालय,जिला महिला चिकित्सालय व श्री राम चिकित्सालय के साथ साथ निजी चिकित्सालय व क्लीनिक खोले चिकित्सको ने मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं का फरमान जारी कर दिया है।लेकिन इसका असर सोमवार को जिला चिकित्सालय,जिला महिला चिकित्सालय में नहीं दिखाई दे रहा था।वहां पर आने जाने वाले मरीजों व उनके परिजनों के चेहरे पर न तो मास्क दिखाई दे रहा था और ना ही कोरोना को लेकर कोई खौफ।इनके अलावा वहां पर तैनात चिकित्सक व कर्मियों ने भी मास्क लगाने की जहमत नहीं उठाई थी। इस संबंध में जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सी बी एन त्रिपाठी ने बताया कि परिसर व वार्डों में बिना मास्क के मंगलवार से प्रवेश वर्जित रहेगा।छः माह बाद एक बार फिर जिले के लोगों में कोरोना का भय सताने लगा है।जिसका असर जिला चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय श्रीराम चिकित्सालय मे दिखाई देने लगा है।अभी पिछले सप्ताह श्री राम चिकित्सालय के प्रशासनिक अधिकारी ने चिकित्सालय परिसर में बिना मास्क के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था।जो कि आज भी जारी है।वही सोमवार को जिला चिकित्सालय व जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों व उनके परिजनों



के चेहरे पर मास्क नहीं दिखाई दे रहा था। इस दौरान जब जिला चिकित्सालय मे प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी वार्डों का निरीक्षण कर रहे थे कि इस दौरान कई मरीज व उनके परिजन के साथ साथ चिकित्सक व कर्मी बिना मास के दिखाई दिए तो आग बबूला हो गए।उन्होंने कहा कि मंगलवार से कोई भी चिकित्सक, कर्मी, मरीज व उनके परिजन यहां तक अगर साइकिल स्टैंड पर ठेकेदार या दुकानदार जिला चिकित्सालय परिसर में बिना मास्क के पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।इसलिए जिला चिकित्सालय परिसर में प्रवेश करने से पहले कोविड नियम का पालन करें।

# तीन माह में जिला चिकित्सालय में सोलह लावारिस हुए भर्ती : कुछ बिना बताए चले गए तो कुछ की हो गई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय में स्थित लावारिस वार्ड जिसे आज सेप्टिक वार्ड के नाम से जाना जाता है।उस वार्ड में जनवरी 23 से मार्च 23 तक लगभग सोलह लावारिस व्यक्ति भर्ती हुए।जिसमें कुछ लावारिस डेढ़ साल से अधिक समय से भर्ती है तो कुछ इधर तीन महीनों में भर्ती हुए हैं।इस तरह इधर 3 महीनों में इस वार्ड में कुल 16 लावारिस भर्ती हुए जिसमें से कुछ की तो मृत्यु हो गई और कुछ लावारिस बिना बताए जिला चिकित्सालय से चले गए।वही सोमवार को 21 मार्च को अयोध्या मेला में आए 45 वर्षीय गोरखपुर निवासी नरेश का पैर टूट गया था। जिसे लावारिस के रूप में 21 मार्च को जिला चिकित्सालय में स्थित सेप्टिक वार्ड में भर्ती कराया गया था जिला चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी के अलावा सेप्टिक वार्ड में तैनात नर्सों की मदद से लावारिस के रुप में दाखिल नरेश को उसके परिजनों से मिलाया जा सका खून के माध्यम से लावारिस वार्ड जिसे आज हम सेप्टिक वार्ड से जानते हैं मैं भर्ती नरेश का भाई जिला चिकित्सालय आया और कागजी कार्यवाही पूरी कर अपने भाई नरेश को खुशी–खुशी घर ले गया इस दौरान उसने जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी व इस वार्ड में तैनात सभी नर्सों को धन्यवाद भी दिया मालूम होगी सेप्टिक वार्ड जिसे हम पहले



लावारिस वार्ड के रूप में जानते थे इस वार्ड में जनवरी में चार लावारिस फरवरी माह में छः लावारिस तथा मार्च में छः लावारिस लोगों को भर्ती कराया गया।सेप्टिक वार्ड में एक ऐसा 65 वर्षीय मद्रास प्रान्त का रहने वाले अज्ञात पुरुष जो कि अंधा है डेढ़ वर्ष से भर्ती है। परंतु इस व्यक्ति का सुधि लेने वाला कोई नहीं है।जिसके चलते वह ढेड़ वर्ष से इस चिकित्सालय में रह रहा है। इसी तरह 22 जुलाई 2022 को राजकुमार मेसी कौशलपुरी कोतवाली नगर अयोध्या भी इस वार्ड में भर्ती है परंतु आज तक इस लावारिस व्यक्ति की भी सुध लेने वाला कोई नहीं जिला चिकित्सालय आया। वही यहां पर तैनात वार्ड के कर्मियों ने बताया इसके अलावा कुछ लावारिस व्यक्ति या तो बिना बताए इस चिकित्सालय से चले गए या फिर कुछ लावारिस व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।जिसे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करने के बाद लावारिस मृतक की अंत्येष्टि के लिए भेज दिया जाता था।

# काउंट सीजर मैटी की मनी 227 वी पुण्यतिथि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मंगलवार को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डाक्टर काउंट सीजर मैटी की 227 वी पुण्यतिथि पर नगर के एक होटल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया



गया।इस सभा की शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के अध्यक्ष डाक्टर सुधीर मौर्या ने डाक्टर काउंट सीजर मैटी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रामजी सैनी ने किया। इस मौके पर वहां पर मौजूद इस पैथी से जुड़े चिकित्सकों ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डाक्टर काउंट सीजर मैटी को याद किया और उनकी चिकित्सा पद्धति पर अपने विचार व्यक्त किए।इस मौके पर डाक्टर अजय तिवारी,डाक्टर सुधीर पाण्डेय, डा रणजीत सिंह, डा० राजेंद्र मौर्य, आजम खान, डा० गौतम, डा० श्रीकांत द्विवेदी,डा० रविकांत श्रीवास्तव, डा० एपी सिंह, डा० मनोज सैनी, डा० राजन तिवारी, डा० मनोज कुमार श्रीवास्तव, डाक्टर राजकमल मिश्रा, डाक्टर अजय तिवारी, डा० राम जन्म वर्मा, डा० सुधीर मौर्या, डॉ० तपन चौधरी, डा० पवन श्रीवास्तव, डा० आरडी वर्मा, डाक्टर आलोक श्रीवास्तव, डाक्टर सुजीत मौर्या, डाक्टर अभिमन्यु, व भारी संख्या में इस पैथी से जुड़े कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# कोतवाली नगर के बड़ा रमना में जमीन विवाद मामले में सीओ सिटी के मुताबिक होगी सख्त कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र में अलीगढ़ पुलिस चौकी के बड़ा रमना मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी–डंडे व ईट पत्थर चले।जिसमें दोनों पक्ष की ओर से घायल सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।इस मामले में स्वयं सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह तेजी दिखाते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पाण्डेय को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही इस प्रकरण में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करे।इस घटना में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह के दिशा निर्देश पर कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय ने मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने में जुटे हैं।मालूम हो कि रविवार की शाम कोतवाली नगर क्षेत्र के अलीगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़ा रमना में विशाल मौर्या पुत्र स्वर्गीय राम लखन मौर्या व सहदेव यादव पुत्र शिव नाथ यादव जमीद विवाद को लेकर विवाद हो गया।जिला चिकित्सालय में भर्ती एक पक्ष के घायल विशाल मौर्या व आकाश मौर्या ने बताया कि यह विवाद आज से नहीं बल्कि इससे पहले भी कई बार हो चुका है।उस समय पूर्व में सीओ सिटी रहे निपुण अग्रवाल तथा उनके बाद सीओ सिटी रहे पलाश बंसल भी इस विवाद को सुलझाने की कोशिश किया था।परंतु आज तक यह विवाद नहीं सुलझ पाया था।उन्होंने विपक्षी सहदेव यादव,अशीष यादव, मनीष यादव, श्याम कली व आयुष यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि रविवार की शाम विपक्षी लोग एकजुट होकर लाठी डंडे के ईट पत्थर व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें आकाश मौर्या व विशाल मौर्या को गंभीर चोटो आई।इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया।इस संबंध में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है वही दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इसमें शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और आरोपी से ग्रह गिरफ्तार कर जेल भेजे जाएंगे।

## शौचालय पर कब्जे दारी को लेकर दो भाइयों में हुआ विवाद : केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शौचालय पर कब्जेदारी के विवाद को लेकर सगे भाई पर चाकू से हमला करके घायल कर देने के आरोप में कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी पति–पत्नी के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मामला कोतवाली अंतर्गत चौरे बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के रामनगर गांव का है। पीड़ित रामप्रसाद का आरोप है कि उनके पिता द्वारा शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिसका उपयोग परिवार के सभी लोग करते हैं। लेकिन उनके भाई छठीराम द्वारा शौचालय में ताला बंद कर दिया गया है। शौचालय में ताला बंद करने को लेकर 29 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे उनके और विपक्षी छठी राम तथा उनकी पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। उसी दौरान विपक्षी ने उग्र होकर चाकू से उनके बाएं पर हमला करके घायल कर दिया तथा धमकी भी दी गई। हल्ला गुहार मचाने पर उनकी जान बची। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी पति पत्नी के विरुद्ध धारा 352, 324, 506 आईपीसी में केस दर्ज किया गया है।

# पोषण पखवारा के तहत लगाई गई मोटे अनाजों की प्रदर्शनी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।सोहावल–अयोध्या। प्रदेश में चल रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आज सोहावल तहसील परिसर में पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सुधीर कुमार मिश्रा के नेतृव व वर्तमान कोषाध्यक्ष मो0 मुकीम के सहयोग से मोटे अनाज की प्रदर्शनी लगाई गई।इस प्रदर्शनी में मो0 मुकीम द्वारा बिलुप्त हो चुके मोटे अनाजों को कई जिलों से लाकर उनके गुण व फायदे बताए गए। श्री अन्न योजना के अंतर्गत मानये जा रहे पोषण पखवाड़ा के अंर्तगत प्रदेश में अनेक कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को मोटे अनाज सेवन के लिए प्रेरित किया जा रहा है उसी क्रम में आज तहसील परिसर में मोटे अनाज जैसे कोदो, काकुन, सावां, बाजरा, जौ,की प्रदर्शनी लगाई गई।इस प्रदर्शनी में आये अनाजो के फायदे के बारे में बताते हुए नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा ने लोगो से इन अनाजो को खानपान में शामिल करने की अपील किया।प्रदर्शनी में विशेष सहयोग करने वाले मो0 मुकीम ने बताया कि ये अनाज आज बिलुप्त हो चुके हैंनई पीढ़ियां इन नाम वाले अनाजों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं।उन्होंने बताया कि हमने कई जिलों जैसे बाराबंकी, सुल्तानपुर, व अन्य जिलों के लोगो से सम्पर्क करके इसे इकट्ठा किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से इसे अपने भोजन में शामिल करने की अपील की।इस अवसर पर नायब तहसीदार स्नेहिल वर्मा,आदित्य प्रताप सिंह एडवोकेट,राम केवल रावत, प्रदीप यादव सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित कई बादकारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक सेवा भाव संस्थान ने अग्नि से पीड़ित परिवारों को पहुंचाई मदद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ग्राम सभा शेखपुर जाफर के मजरे शाहिदा का पुरवा में राम केवल,शंकर के छप्पर के मकान में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई जिससे घर मे रखे कपड़े,अनाज और रोजी रोटी कमाने का साधन सिलाई मशीन के साथ सारा सामान जलाकर बेकार हो गया इसकी जानकारी सामाजिक सेवा भाव संस्थान के अध्यक्ष शुभम रुद्र ने अपने सहयोगी आशीष फाउंडेशन एवं महिला एवं बाल विकास कल्याण सेवा समिति को दी सदस्यों संग बैठक कर सभी संस्थानों में धन को एकत्रित करके दोनों पीड़ित परिवार को 1100 नगद राशि,साड़ी, 10 किलो चावल,दाल तेल,चीनी,चयपत्ती,साबुन( राशन किट) सब्जियां एवं नन्हें बच्चों के लिए बिस्कुट और अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुएं प्रदान की राहत राहत सामाग्री देखकर परिवार वालों के चेहरे पर खुशी नजर आई। इस मौके –शुभम रुद्र,राजन कसौधन,अंशु सैनी,आशीष कौर, इंदरप्रीत सिंह बेदी,शशि रावत,साधना,शैल कुमारी जी उपस्थित रहीं।

# महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मिलेगा बल –पी के सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधान डाकघर में भारत सरकार के द्वारा शुरू की गई महिला सम्मान बचत पत्र योजना को समारोह पूर्वक शुरू किया गया। दर्जनों महिलाओं ने बचत पत्र क्रय करके लाखों रुपया निवेश किया । केंद्र सरकार ने महिलाओं की निवेश में भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए छोटी बचत योजना के तहत एक नई स्कीम महिला सम्मान बचत पत्र की शुरुआत 1 अप्रैल 2023 से किया । इसमें सिर्फ महिलाएं ही निवेश कर सकती हैं। यह महिला सम्मान बचत पत्र योजना कम समय में ज्यादा रिटर्न का लाभ देगी । महिला सम्मान बचत पत्र के अंतर्गत न्यूनतम 1000 अधिकतम 2 लाख निवेश किया जा सकता है। महिला सम्मान बचत पत्र में 7.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा जो तिमाही चक्रवृद्धि की दर से जुड़ेगा। इस दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए आम बजट में घोषित 'महिला सम्मान बचत पत्र योजना' अब सभी डाकघरों में उपलब्ध है। योजना में 2 साल के लिए ध्2 लाख तक जमा किए जा सकेंगे, जिस पर 7.5: ब्याज देय होगा। साथ ही कहा कि 'नारी शक्ति का स्वाभिमान, भारत की पहचान' है। महिला सम्मान बचत पत्र योजना से नारी सशक्तीकरण को बल मिलेगा, महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी एवं यह महिलाओं के भविष्य को संवारते हुए उनके सपनो को पंख लगायेगा। यह खास योजना महिलाओं को कम समय में अधिक ब्याज देगी जिससे महिलाओं को उच्च शिक्षा जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक सेवाओं की सौगात देने के साथ–साथ भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर भी रोक लगायेगी और नारी सशक्तीकरण को बल प्रदान करेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि महिलाएं देश का भविष्य है और राष्ट्र निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क करें। कार्यक्रम में प्रभारी सीनियर पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय, परिवाद निरीक्षक राजेश्वर दूबे, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी पोस्टमास्टर दीपक कुमार तिवारी, अनूप कुमार सिंह, अर्चना यादव, चाँदनी वर्मा, कुसुमलता, स्वाति, रेनू आरती, व हेमलता मिश्रा आदि मौजूद रही।

# 13 अप्रैल तक शोधार्थियों को उपलब्ध कराना होगा शिक्षकों के नाम व शोध अन्तर्वस्तु

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्री–पीएचडी कोर्सवर्क परीक्षा 2020–21 के उत्तीर्ण शोधार्थियों से प्रस्तावित शोध कार्य हेतु शिक्षकों के नाम मांगे गए। शोधार्थियों को 13 अप्रैल, 2023 तक तीन शिक्षकों के नाम व शोध अन्तर्वस्तु का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय की ई–मेल पर उपलब्ध कराना होगा। इसके उपरांत प्रस्तावित नाम स्वीकार नही किए जायेंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के आदेश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्री–पीएचडी कोर्स परीक्षा के उत्तीर्ण शोधार्थियों को पत्र निर्गत कर दिया गया है। उनसे शोध कार्य हेतु विषयवार शिक्षकों के तीन नाम 13 अप्रैल तक मांगे गए है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्री–पीएचडी कोर्स परीक्षा के उत्तीर्ण शोधार्थियों से अपेक्षा की गई है कि शोध कार्य हेतु अन्तर्वस्तु को उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय की साइट पर संलग्नक शिक्षकों की सूची में से तीन नाम उक्त तिथि तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उसके उपरांत शोधार्थियों के प्रपत्र स्वीकार नही किए जायेंगे। उक्त से सम्बन्धित सूचनाएं विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मवई पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मवई थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में न्यायालय में तारीख पेशी पर हाजिर न होने वाले वांछित चल रहे अभियुक्तों की धरपकड़ के चलाए गए अभियान में वारंटी गौस मोहम्मद पुत्र फकई निवासी ग्राम पकड़िया गांव,राधे रावत पुत्र राजाराम निवासी ग्राम वादेका पुरवा मजरे नरौली,लल्लू रावत पुत्र संतराम निवासी ग्राम वादेका पुरवा मजरे नरौली,जियालाल पुत्र सुखीराम निवासी ग्राम मवई व अमर सिंह पुत्र मर्जीराम निवासी ग्राम रामदीन का पुरवा मजरे अशरफनगर थाना मवई को उपनिरीक्षक मोहम्मद फरीद खान,उपनिरीक्षक योगेंद्र प्रसाद कनौजिया,उपनिरीक्षक गुलाम रसूल व हेड का0 हैदर अली,जितेंद्र यादव,रामाश्रय यादव,मनोहर यादव व आशिक अली की पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## शाहजहांपुर स्थित शिव हनुमान मंदिर पर आयोजित भंडारे में भाजपा पदाधिकारियों चिकित्सकों व पत्रकारो सहित अन्य लोगों का रहा जमावड़ा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को राम नगरी में जहां एक ओर भगवान श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर सभी मंदिरों में घंटा घड़ियाल व नगाड़े की थाप से पूरा वातावरण राम मय हो रहा था।वही अन्य जगहों पर गुरुवार को जगह जगह भंडारे आदि का आयोजन किया गया था। जहां पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही थी।वही इसी कड़ी में गुरुवार को राम नवमी पर्व पर साकेत नगर वार्ड के शाहजहांपुर स्थित शिव हनुमान मंदिर परिसर में राम नवमी पर्व पर राम चरित मानस का पाठ के हवन पूजन व कन्या पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।जिसका आयोजन युवा भाजपा नेता अनिल श्रीवास्तव उर्फ राजू श्रीवास्तव तथा उनकी पत्नी साकेत नगर वार्ड से संभावित भाजपा पार्षद सन्तोष श्रीवास्तव उर्फ दीपा श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से किया।उसके बाद अयोध्या विकास संस्थान द्वारा आयोजित होने वाली अनवरत चित्रगुप्त स्तुति व आरती का आयोजन भी हुआ।इस मौके पर उन्होंने भगवान चित्रगुप्त स्तुति व आरती कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर अयोध्या भाजपा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, भाजपा नेता व विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता,वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वंभर सिंह,महानगर उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या, देवकाली मंडल अध्यक्ष आलोक



द्विवेदी, आयुष पांडे देवकाली मंडल महामंत्री राज कुमार वर्मा, डॉ मनोज सैनी, डॉ अजय तिवारी, डॉ तपन चौधरी, डॉ कृतांत सिंह, डॉ सुजीत मौर्या, डॉ पवन श्रीवास्तव, डॉ अमित तिवारी के अलावा कई वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी,चिकित्सक, पत्रकार सहित भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण किया।

# राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने के मुद्दे को लेकर आक्रोशित कांग्रेसियों ने नाका बाईपास स्थित गांधी आश्रम के सामने से नाका मकबरा तक जिला अध्यक्ष तथा महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल की अगुवाई में पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में एकत्रित कांग्रेसी हाथों में झंडा लिए भाजपा विरोधी नारे लगाते हुए चल रहे थे। नाका मकबरा पहुंचने पर कांग्रेस जनों की एकत्रित भीड़ को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपने नेता राहुल गांधी के साथ मजबूती के साथ खड़ा हैं. इस देश की तानाशाह सरकार राहुल गांधी को सच बोलने की सजा दे रही है . अदानी ग्रुप के संदर्भ में लोकसभा में पूछे गए सवालों से इस देश के प्रधानमंत्री डर गए हैं .प्रश्नों के उत्तर देने के स्थान पर केंद्र की सरकार बदले की कार्यवाही कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनता का ध्यान हटाने के लिए भाजपा सरकार बिना मतलब के मुद्दों को हवा देती है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाह हो गई है, इस देश के हित में यदि सरकार से कोई सवाल करता है तो सरकार उसके साथ दुश्मन जैसा व्यवहार करती हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा देश के प्रधानमंत्री को बताना होगा अदानी ग्रुप के शेयरों में लगातार हो रही गिरावट के बावजूद इस देश के आम आदमी मेहनत का पैसा उनके शेयरों में क्यों लगाया जा रहा है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा भाजपा की सरकार अदानी ग्रुप के खिलाफ जेपीसी की कार्यवाही कराने से क्यों बच रही है ?नरेंद्र मोदी तथा अदानी क्या रिश्ता है ?जो भी अडानी के खिलाफ सवाल पूछता है उसे ईडी और सीबीआई का डर क्यों दिखाया जा रहा है.? जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा राहुल गांधी जी द्वारा महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के विरुद्ध निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भाजपा की सरकार राहुल गांधी से डर गई है. यही कारण है राहुल गांधी के भय से भयभीत होकर भाजपा की सरकार दमनकारी नीतियों पर उतर आई है. पर कांग्रेस का कार्यकर्ता भाजपा के इस हताशा पूर्ण और दमन कारी नीतियों से डरने वाला नहीं है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ,उग्रसेन मिश्रा, शैलेंद्र मणि पांडे, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, महिला जिलाध्यक्ष रेनू राय, प्रमिला राजपूत ,कंचन दुबे ,उषा कोरी ,संजय तिवारी, रिशु सिंह ,जितेंद्र यादव ,भोला यादव ,आजाद रावत, प्रकाश निषाद ,इंद्रोहन यादव, रामनाथ यादव, सागर रावत, रितिक यादव ,रोहित यादव, अब्दुल हकीम, मनोज जायसवाल, विजय मद्धेशिया, रितु यादव, अनिल सिंह ,अनिल तिवारी, फिरोज अंसारी, अहमद कुरैशी, दिलीप पांडे, आशुतोष सिंह, उषा कोरी , सत्रोहन कोरी, रामकरण कोरी राम अवध ,प्रकाश निषाद ,अनवर हुसैन रामसनेही निषाद भीम शुक्ला विजय पांडे बृजेश रावत धर्मेंद्र सिंह फास्टर अशोक कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।